आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.08.2025 समय : 0645

<><><><><><><>

- देश आज उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले से इस समारोह का नेतृत्व करेंगे– द्वीपों में मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।
- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदानों का प्रतीक है।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल द्वीपसमूह के बारहवीं कक्षा के तीस जनजातिय विद्यार्थियों से मुलाकात की।

<><><><><><><>

देश आज उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। वे लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की अगुवाई में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय है– "नया भारत" ।

उधर, द्वीपों में भी उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, एडमिरल डी. के. जोशी, सुबह नौ बजकर चौदह मिनट पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराएंगे। इसके बाद उपराज्यपाल सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे तथा पदक, वीरता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपराज्यपाल का द्वीपवासियों के नाम संबोधन होगा। मुख्य समारोह के लिए नेताजी स्टेडियम पहुँचने से पहले, उपराज्यपाल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल जाएँगे और शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वे सेल्यूलर जेल में राष्ट्रीय ध्वज भी फहराएँगे। इस समारोह के सुचारू संचालन के लिए यातायात के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं।

बम्बूफ्लाट और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए, चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त यात्री फेरी सेवाएँ संचालित की जा रही है। यह सेवा सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे तक सुबह पांच बजे और फीनिक्स बे से बम्बूफ्लाट के लिए रात साढ़े आठ बजे अतिरिक्त जलयान सेवा उपलब्ध रहेगी। इस बीच आज विभिन्न विभागों, संस्थानों और स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वीपवासियों को आज आयोजित होने वाले समारोह में आमंत्रित किया है। इस अवसर पर मरीना पार्क में संयुक्त सेवाओं का बैंड सिम्फोनिक कंसर्ट प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें नेवल बैंड, आर्मी पाइप बैंड और प्रसिद्ध गढ़वाली राइफल रेजीमेंट बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम आज शाम चार बजकर पन्द्रह मिनट पर मरीना पार्क मे ंआयोजित होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में, उन्होंने इसका श्रेय सामाजिक क्षेत्र की पहलों के साथ–साथ सर्वांगीण आर्थिक विकास को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र अमृत काल में आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी क्षमतानुसार योगदान कर रहा है। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या को कायरतापूर्ण और पूरी तरह से अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि देश की सेनाएं किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी प्रगति का अगला चरण है और लोगों के जीवन में पहले ही प्रवेश कर चुका है। सरकार ने देश की एआई क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए भारत–एआई मिशन शुरू किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दूरगामी बदलाव लाई है, शिक्षा को मूल्यों के साथ और कौशल को परंपरा के साथ जोड़ा गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए लोगों को भी बदलना होगा।

<><><><><><><>

उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह के निवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह दिन उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के वीरतापूर्ण संघर्ष और सर्वोच्च बलिदानों की पराकाष्ठा का प्रतीक है, जिन्होंने एक संप्रभु, आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है। हमारे स्वदेशी समुदायों के साहसी प्रतिरोध से लेकर ऐतिहासिक सेलुलर जेल तक, जो हमारे बहादुर देशभक्तों की पीड़ा और अदम्य साहस का गवाह रहा है, ये द्वीप भारत के स्थायी लचीलेपन के जीवंत प्रमाण हैं। उन्होंने प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए एक शांतिपूर्ण, समावेशी और समृद्ध द्वीपीय क्षेत्र के निर्माण के लिए समर्पण के साथ योगदान देने की अपील की। उप–राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकासशील भारत @2047 की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान करने का भी अनुरोध किया।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष शाहुल हमीद, सचिव अजहरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काज़ी, वार्ड पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता ने भाग लिया। रैली के माध्यम से उन्होंने नागरिकों को अपने घरों और कार्यस्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस समारोह के एक भाग के रूप में राज्य पुस्तकालय की ओर से कक्षा नवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए एक निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता की भावना को बढ़ावा देना, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और विरासत का सम्मान करना और युवाओं में देशभक्ति को प्रोत्साहित करना है। भाषण प्रतियोगिता का विषय "मेरा देश मेरा गौरवः देशभक्ति की भावना का जश्न" है, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भूमिका रखा गया है। इस प्रतियोगिता में सभी छात्र भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए राज्य पुस्तकालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल नई दिल्ली में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के बारहवीं कक्षा के तीस जनजातिय विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन की हर चुनौती का निडर होकर विश्वास के साथ मुकाबला करें और भारत को सबसे शक्तिशाली देश बनाने में योगदान करें। मानवीय मूल्यों के महत्व पर जोर देते हुए रक्षामंत्री ने इन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। बातचीत का यह कार्यक्रम आरोहण द्वीप से दिल्ली अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें अण्डमान निकोबार कमान ने विद्यार्थियों के लिए सात दिन के भ्रमण का प्रबंध किया। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा–अध्यक्ष अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी मौजूद थे।

<><><><><><><>

प्रशासन चाथम कॉजवे के नवीनीकरण पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इस परियोजना के कुछ महीनों में शुरू होने की संभावना है। अंडमान निकोबार प्रशासन ने केंद्रीय वित्त पोषण के तहत एक नए चाथम कॉजवे की शीघ्र मंजूरी और कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार से हस्तक्षेप का भी अनुरोध किया है। एन एच आई डी सी एल को अंडमान मरीन ड्राइव रोड के साथ–साथ नए चाथम कॉजवे के निर्माण का कार्य सौंपा गया है। लोगों की सुविधा के लिए कॉजवे के नवीनीकरण के लिए सभी संभव उपाय युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>